कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री बच्चू लाल मीना, एडवोकेट, जिला न्यायालय परिसर चैम्बर नं0 93, दौसा जिला दौसा राजस्थान– 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 63/2022

निर्णय दिनांक 08.06.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई अति0 जिला कलक्टर, दौसा व सूचना प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः आरटीआई/2022/536 दिनांक 24.05.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना का बिन्दु संख्या 01 की सूचना अपीलांट को उपलब्ध कराई जा चुकी है। शेष बिन्दुओं की सूचना चिकित्सा विभाग से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र धारा 6(3) में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय दौसा को स्थानान्तरित किया गया। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत चिकित्सा विभाग की अपील सुनने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.11.15 10:13:29 IST
Reason: SelfAttested